श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयः, वेरावलम्

Report of SSIP 2.0 Awareness Workshop

दिनाङ्कः - 29.12.2022

श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय में २९ दिसम्बर २०२२ को एक-दिवसीय स्टुडेंट स्टार्ट-अप एण्ड इन्नोवेश पोलिसी (SSIP 2.0) के विषय में जागरूकता के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय तथा वेरावल के निकटवर्ती महाविद्यालयों के लगभग 140 से अधिक अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने भाग ग्रहण किया।

कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ हुआ। इस कार्यशाला में श्रीसोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति डॉ. ललितकुमार पटेल की अध्यक्षता में स्टार्टअप इकोसिस्टम एवं IPR एक्सपर्ट प्रो. वैभव भट्ट, Professor and Director at School of Applied Sciences and Technology, GTU, Ahmedabad का छात्रों एवं अध्यापकों के साथ विशेष संवाद हुआ। कार्यशाला के संयोजक तथा एसएसाआईपी कोऑर्डिनेटर डॉ. जानकीशरण आचार्य ने उपस्थित महानुभावों का स्वागत पूर्वक परिचय प्रदान किया तथा इस इस कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप तथा अनुसंधान के लिए विश्वविद्यालय के द्वारा जिस प्रकार से आर्थिक अनुदान एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा है, उसके बारे में बताया।

इस कार्यशाला में आमन्त्रित व्याख्याता के रूप में उपस्थित प्रो. वैभव भट्ट ने छात्रों को बताया कि छात्र जीवन में ही समय के अनुसार अनुसंधान और स्टार्टअप बहुत ही आवश्यक है। स्टार्ट-अप एवं अनुसन्धान से विद्यार्थी रोजगार लेने के बजाय देनेवाले बन सकते हैं। प्रो. भट्ट ने अनुसंधान के विविध आयामों तथा एसएसआईपी के अंतर्गत किस प्रकार से छात्र स्टार्टअप के लिए प्रस्ताव रख कर कार्य करें, इस विषय में मार्गदर्शन किया। अपने व्यख्यान के अन्त में प्रो. वैभव भट्ट ने ने छात्रों के साथ संवाद करके उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

कार्यशाला के अंत में कार्यकारी कुलपति डॉ. ललितकुमार पटेल ने उद्बोधन दिया। उन्होंने उपस्थित सभी छात्रों और उनके मार्गदर्शक अध्यापकों से निवेदन किया कि वह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षण के प्रत्येक क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान की प्रवृत्ति को बढ़ावा दें। विश्वविद्यालय इस प्रकार के अनुसंधान और स्टार्ट-अप को सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने SSIP के अन्तर्गत आर्थित सहायता प्राप्त करनेवाले छात्र को भी अभिनन्दन दिया। कार्यशाला के अंत में पुराण प्राध्यापक डॉ. पंकजकुमार रावल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यशाला का मंच संचालन डॉ. जिगर भट्ट ने किया तथा समग्र कार्यशाला का संयोजन डॉ. जानकीशरण आचार्य ने किया।

Banner of the Workshop

Inaugural Session of the Workshop

Participants of the Workshop

Prof. Vaibhav Bhat delivering his lecture in the workshop

Students are Teachers are actively participated in the Workshop